06/12/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्र, आज भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव आम्बेडकर को उनकी 70वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। जिसके तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। इस अवसर पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं अन्य गणमान्य लोगों ने आज नई दिल्ली में संसद परिसर में भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. बी.आर. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

0000000000000000000000

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को यात्रियों को किरायों का लंबित भुगतान, बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी रद्द या बाधित उड़ानों के लिए भुगतान प्रक्रिया कल रात आठ बजे तक पूरी हो जानी चाहिए। एयरलाइनों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे उन यात्रियों से कोई पुनर्निर्धारण शुल्क न लें जिनकी यात्राएं विमान रद्द होने के कारण प्रभावित हुई हैं। भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी या अनुपालन न होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

0000000000000000000000

परम पावन छठे दलाई लामा, ग्यालवा सांगयांग ग्यात्सो के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व पर आधारित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज तवांग में सम्पन्न हुई, जिसमें विश्व भर के जाने-माने विद्‌वान एवं प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि, दलाई लामा का संस्थान सिर्फ बौद्धों तक ही सीमित नहीं बल्की यह इंसानियत के लिए एक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं दार्शनिक विरासत भी है।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के डोपोक गांव के 27 वर्षीय ओनाम गामनो को आगामी एशियन कप आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए टीम इंडिया का कप्तान चुना गया है। इस खबर पर प्रतिक्रीया देते हुए, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक ओनाम गामनो का प्रेरणादायक सफर अनुशासन, पक्के इरादे और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल की बढ़ती खेल काबिलियत राज्य में हर किसी के लिए बहुत गर्व की बात है।

0000000000000000000000

राज्य के मुख्य सचीव मनीष कुमार गुप्ता ने आज नेशनल बायोडायवर्सिटी बोर्ड के पूर्व चेयरमैन और हैदराबाद के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज में एडजंक्ट प्रोफेसर सी.ए. रेड्डी से मुलाकात की। उन्होंने बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन, राज्य में सस्टेनेबल डेवलपमेंट इनिशिएटिव और एनवायर्नमेंटल गवर्नेंस को मजबूत करने की रणनीतियाँ से जुड़े खास मुद्दों पर चर्चा की।

0000000000000000000000

केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (CAU) ने अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर के ग्यारह एग्रीबिज़नेस स्टार्टअप्स के साथ एव MoU पर हस्ताक्षर किए हैं, जिन्हें कॉलेज ऑफ़ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री, पासीघाट के CHF R-ABI प्रोजेक्ट के तहत विकसित किया गया है। एग्री-स्टार्टअप्स ने अलग-अलग फोकस एरिया में औपचारिक साझेदारियां की और यूनिवर्सिटी की एग्जीक्यूटिव बॉडी के सामने अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट्स प्रस्तुत किए, जिससे एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने, कृषी को आगे बढ़ाने और नॉर्थईस्ट में रीजनल ग्रोथ को सहयोग करने की क्षमता को बल मिला।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स पर एक कार्शाला का आयोजन कल राजीव गांधी यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ़ अंडरग्रेजुएट स्टडीज़ के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। यह राजीव गांधी यूनिवर्सिटी और अरुणाचल प्रदेश के एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म कमीशन (ARC) के बीच पहली बार हुई सहभागिता थी। पहल का उद्देश्य राज्य में पॉलिसी रिफॉर्म्स को सपोर्ट करने और इंस्टीट्यूशनल गवर्नेंस को मज़बूत करने के लिए एक संरचित शैक्षणिक-प्रशासनिक साझेदारी बनाना था।

0000000000000000000000

लोअर सुबनसिरी ज़िले के ज़ीरो स्थित HDFC बैंक ने ज़ीरो रॉयल एनफ़ील्ड राइडर्स और ब्लड सेंटर, ग्याति ताका जनरल हॉस्पिटल के साथ मिलकर कल HDFC बैंक ज़ीरो ब्रांच में ऑल इंडिया बैंक डे के अवसर पर एक वॉलंटरी ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। कैंप में स्थानीय स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे नियमित रक्तदान की अहमियत के बारे में जागरुक्ता को और बढ़ावा मिला। आयोजकों ने बताया कि बैंक डे सेलिब्रेशन के हिस्से के तौर पर ऐसी सामुदायिक सेवा गतिविधियाँ हर साल आयोजित की जाएंगी। कैंप में कुल नौ यूनिट रक्त एकतृत किया गया।

0000000000000000000000

लोअर दिबांग वैली जिले के रोइंग के पास होरू पहाड़ गांव के खेतों से हूलॉक गिब्बन के एक फंसे हुए परिवार को चार दिन की मुश्किल कोशिशों के बाद सफलतापूर्वक बचा लिया गया है। बचाए गए तीनों गिब्बन को छोड़ने के बाद अब उनपर कड़ी निगरानी रखी जा रही हैं। यह जॉइंट ऑपरेशन मेहाओ वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अधिकारियों द्वारा किया गया।

0000000000000000000000

भारतीय सेना के स्पीयर कौर ने अपर सियांग जिले के तूतिंग में निंगगुइंग से ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट तक 250 किलोमीटर के ग्रेट सियांग डिसेंट राफ्टिंग एक्सपीडिशन के 30वें लेग को हरी झंडी दिखाई। राफ्टिंग एक्सपीडिशन 11 दिसंबर 2025 को पासीघाट पहुंचेगा। इस बीच, पूरे भारत से आए पंद्रह रिवर-राफ्टिंग प्रतिभागियों ने भी दूर-दराज के बॉर्डर इलाकों में उनकी सेवा के लिए स्पीयर कौर का आभार व्यक्त किया।

0000000000000000000000

पुरुषों एवं महिलाओं के लिए बॉडीबिल्डिंग, फिजिक और फिटनेस मॉडल में “पाकलू ताइपोडिया क्लासिक 2025” प्रतियोगिता, आगामी 20 और 21 दिसंबर 2025 को लोअर सियांग जिले के लिकाबाली में होने जा रहा है। प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है।